This question paper contains 2 printed pages. **Your Roll No.** ....

Sl. No. of Ques. Paper	**: 8088**	**GC**
Unique Paper Code	**: 62054306**	
Name of Paper	**: Hindi Katha Sahitya**	
Name of Course	**: B.A. (Prog.) Hindi Discipline**	
Semester	**: III**	
Duration	**: 3 hours**	
Maximum Marks	**: 75**	

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिये गये निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिये।)

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:

(क) कर्ज से बड़ा पाप दूसरा नहीं। न इससे बड़ी विपत्ति दूसरी है। जहाँ एक बार धड़का खुला कि तुम आये दिन सर्राफ की दुकान पर खड़े नजर आओगे। बुरा न मानना। मैं जानता हूँ तुम्हारी आमदनी अच्छी है, पर भविष्य के भरोसे पर और चाहे जो काम करो, लेकिन कर्ज कभी मत लो। गहनों का मरज न जाने इस दरिद्र देश में कैसे फैल गया। जिन लोगों को भोजन का ठिकाना नहीं, वे भी गहनों के पीछे प्राण देते हैं।

अथवा

आपके बोर्ड में लड़कियों की अनिवार्य शिक्षा का प्रस्ताव कब पास होगा? और कई बोर्डों ने तो पास कर दिया। जब तक स्त्रियों की शिक्षा का काफी प्रचार न होगा, हमारा कभी उद्धार न होगा। आप तो योरप न गये होंगे? ओह! क्या आजादी है, क्या दौलत है, क्या जीवन है, क्या उत्साह है! बस मालूम होता है, यही स्वर्ग है।

(ख) कपड़े की महंगाई के इस जमाने में घर की पाँच औरतों के शरीर से कपड़े जीर्ण होकर यों गिर रहे थे, जैसे पेड़ अपनी छाल बदलते हैं, पर चौधरी साहब की आमदनी से दिन में एक दफा किसी तरह पेट भर सकने के लिये आटे के अलावा कपड़े की गुंजाइश कहाँ? खुद उन्हें नौकरी पर जाना होता। पायजामे में जब पैबंद संभालने की ताब न रही, मारकीन का एक पायजामा जरूरी हो गया, पर लाचार थे।

अथवा

बिना इसकी चिंता किए कि ठीक कहाँ जाएगी या क्या करेगी? वह सड़क पर कुछ दूर चलती चली गई। बस, इतना जानती है कि आज का दिन यों ही नहीं जाने देगी कुछ तय करने से पहले वर्षा आरम्भ हो गई। उसने कुछ दूर भागकर टैक्सी को आवाज लगाई और भीतर घुसकर सोचने लगी, जब टैक्सी ली है तो कहीं न कहीं जाने को कहना पड़ेगा। *10+10*

2. उपन्यास में कथा-वस्तु का महत्व स्पष्ट कीजिए।

अथवा

उपन्यास में पात्र-योजना पर प्रकाश डालिए। 12

3. 'गबन' में किन समस्याओं को उठाया गया है ?

अथवा

जालपा का चरित्र-चित्रण कीजिए। 12

4. 'दिल्ली में एक मौत' कहानी की मूल संवेदना स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'रोज' कहानी के आधार पर मालती का चरित्र-चित्रण कीजिए। 12

5. कहानी और समाज के पारस्परिक संबंध को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

कहानी की संरचना में शिल्प के महत्व पर प्रकाश डालिए। 12

6. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए:

(क) 'परदा' में निहित सामाजिक समस्या

(ख) 'दाज्यू' का उद्देश्य

(ग) 'हरी बिन्दी' कहानी की भाषा-शैली। 7